4

द त इ ि

दरवाजा द

दरवाजा यह बड़ा निराला।
जल्दी से यह खुलने वाला।।



तरबूज त

तरबूज पका अंदर से लाल।
खाते मिलकर बाल–गोपाल।।

इमली इ

इमली खट्टी तुम खा जाना।
दूध मलाई चट कर जाना।।

तितली ि त

तितली रानी उड़ती आई।
रंग–बिरंगी मन को भाई।।

निर्देश :– दिए गए चित्रों पर बातचीत करें । चित्र के नीचे संदर्भ पंक्तियाँ लिखी हैं। पंक्तियाँ पढ़कर कुंजी शब्द का उच्चारण करवाएँ। कुंजी शब्द के आधार पर कुंजी वर्ण की पहचान करवाएँ। कुंजी वर्ण से नए शब्द बनाकर उच्चारण करवाएँ। वर्ण शिक्षण के चरणानुसार आगे बढ़ें।

[redacted]

घेरे वाले वर्ण को शब्दों में देखकर उन पर घेरा ○ बनाएँ

द	दवात	मगर	मदन	दरवाजा
त	तलना	नल	बतख	तरबूज
इ	इनाम	इमली	साइकिल	दवाइयाँ
आ	आम	बुआ	आवाज	आकाश

पहचानों और रंग भरो

द वाले खाने में रंग भरें



त वाले खाने में रंग भरें



सुनें और बोलें

बाद	दल	चलन	दलाल
तन	जात	ताजा	बारात
इला	इनाम	दाना	मनन
तिल	दाख	अखिल	मालिक

पढ़ें और बोलें

आम	मदन	चमन	आदत
इनाम	बाजरा	बघार	नमन
तिल	खिलना	मिलना	लिखना

लिखें

द द द द द

इ इ इ इ इ

त त त त त

ि ि ि ि ि

लिखना	मदन	जमना	आदत
....	....	....	....
....	....	....	....



[redacted]

अपनी पसंद का चित्र बनाएँ और रंग भरें

केवल पढ़ने के लिए

तितली और कली

हरी डाल पर लगी हुई थी,
नन्ही सुंदर एक कली।
तितली उससे आकर बोली,
तुम लगती हो बहुत भली।

अब जागो तुम आँखें खोलो,
और हमारे संग खेलो।
फैले सुंदर महक तुम्हारी,
महके सारी गली–गली।

कली छिटककर खिली रंगीली,
तुरंत खेल की सुनकर बात।
साथ हवा के लगी भागने,
तितली छूने उसे चली।

[redacted]

चर्चा करें

हमारे त्योहार



[redacted]